करिअर काउंसलिंग के तहत विद्यार्थियो को किया गया जागरूक

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। राजकीय महाविद्यालय पाबौ में आज महाविद्यालय की 'करियर काउंसलिंग समिति' के तत्वाधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि के अनुसार कार्य क्षेत्र को चुनने और उसमें अपने करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन करने से संबंधित था। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए करियर काउंसलिंग समिति की संयोजिका डॉक्टर सुनीता चौहान ने छात्र-छात्राओं के सम्मुख विभिन्न करियर विकल्प प्रस्तुत किये और उन पर रूपरेखा बनाकर किस प्रकार काम किया जा सकता है? इसके संबंध में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ मुकेश शाह ने भी आर्थिक एवं सांख्यिकीय के क्षेत्र में अपने करियर को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए के संबंध में समस्त जानकारी महाविद्यालय के छात्रों को प्रदान की। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी अपने कैरियर संबंधी विचारों को सबके समक्ष रखा गया और छात्रों द्वारा यह अपेक्षा की गई कि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक उनके रुचि के अनुसार उनके करियर को चुनने और उसमें आगे बढ़ने में उन्हें हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए विभिन्न करियर विकल्प और उनमें से बेहतर विकल्प को कैसे चयनित किया जाए के संबंध में छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान किया साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार होने और अपने बहुमूल्य समय को नष्ट न करने का भी आग्रह किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।